मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 43 ■ अंक : 34 ■ शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

प्रियंका चोपड़ा ने ठुकराई एटली की फिल्म!

PWD में बोगस बिलों का बोलबाला

शहर अभियंता संदीप जाधव ने किया शहर का विनाश

आखिर मनपा आयुक्त आव्हाले शहर अभियंता जाधव को क्यों नहीं कर रही निलंबित?

शहर का विनाश भ्रष्ट अधिकारियों की देन

शहर अभियंता लूट रहे शहर को कार्रवाई से बचने के लिए ली थी लंबी छुट्टी

मनपा के बाहर निजी कार्यालय में बनते हैं बोगस बिल

पूर्व अभियंता तरुण शेवकानी बने बलि का बकरा

उल्हासनगर. उल्हासनगर महानगरपालिका का सबसे भ्रष्ट विभाग है सार्वजनिक बांधकाम विभाग PWD यहां से शहर विकास हेतु हजारों करोड़ों के कार्य किए जाते हैं। इस विभाग ने शहर विकास के बजाय शहर विनाश का कार्य किया है। पिछले कुछ वर्षों से शहर अभियंता संदीप जाधव ने इतनी सफाई से भ्रष्टाचार किया है कि उसे कोई निलंबित करने की हिम्मत ही नहीं करता इतना ही नहीं जाधव व एक बड़े ठेकेदार ने मिलकर PWD के भ्रष्ट कारोबार को बनाए रखने के लिए पूर्व अभियंता तरुण शेवकानी को बलि का बकरा बनाकर उसे निलंबित कराया जबकि उसके सेवानिवृत्त में

कुछ ही समय शेष था उसे सोची समझी साजिश के तहत फंसाया गया है। क्योंकि PWD विभाग में बोगस बिलों का बोलबाला है। बिना कार्य किए यहां बोगस बिलों के आधार पर ठेकेदारों में करोड़ों बांटे जाते हैं। ऐसा मनपा सूत्रों ने हमें बताया है।

उल्हासनगर मनपा सार्वजनिक बांधकाम विभाग भी निजी हाथों में आ गया है सूत्रों से खबर मिली है कि कुछ बड़े ठेकेदार और शहर अभियंता मिलकर लाखों के टेंडर बिना निविदा के पुराने तारीखों में पास किए हुए हैं। इस भ्रष्टाचार की हद तो तब पार हो गई जब शहर में ज्यादातर काम पूरे किए बिना ही बिलों को पास किया जाता है। एक तरफ बोगस बिलों के आधार पर ठेकेदार जीएसटी की चोरी करता है तो उसको पूरा सहयोग शहर अभियंता संदीप जाधव द्वारा किया जाता है। इसकी भनक जैसे ही शेवकानी को मिली तो उन्होंने रोकने का प्रयास किया लेकिन उसे ही बलि का बकरा बनाकर

एंटी करप्शन ब्यूरो की रडार पर संदीप जाधव वापसी की तैयारी में

■ भ्रष्टाचार के सबूत मिटाने के लिए कर रहे वापसी

उल्हासनगर। उल्हासनगर शहर का विकास इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि शहर विकास में मुख्य भूमिका निभाने वाले बांधकाम विभाग में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। शहर के विकास कार्यों को बिना जांच और बोगस बिलों के साथ करने वाले शहर अभियंता जिन्होंने भ्रष्टाचार की सभी सीमा पार करके बदलापुर की होटल से अपने भ्रष्ट कार्य कर एंटी करप्शन की रडार पर आ गए थे। इस ही लंबी छुट्टी पर गए उन्होंने अपना कारोबार अपने घर से चलाया। जिन बिलों को शहर अभियंता द्वारा लेखा विभाग में भेजा जाता है वो बोगस बिलों जाधव अपने घर में बैठकर हस्ताक्षर करते हैं जिसकी

निलंबित कराया गया है ऐसी चर्चा मनपा गलियारों में चल रही है। एक तरफ जहां ठेकेदारों द्वारा जीएसटी न भरकर करोड़ों के राजस्व का नुकसान किया जा रहा है तो वहीं शहर में बोगस बिलों के आधार पर करोड़ों उन ठेकेदारों को बांटकर शहर का विकास के बजाय विनाश किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि शहर अभियंता संदीप जाधव के इन्हीं पैतरों के कारण उन पर जांच भी बिठाई गई थी लेकिन कार्रवाई से बचने के लिए उन्होंने लंबी छुट्टी ले ली थी। छुट्टी के दौरान भी घर बैठे और बदलापुर के होटल से उन्होंने PWD का कारोबार शुरू रखा था। पिछले कुछ वर्षों से जाधव इस कुर्सी पर बैठकर बड़े ठेकेदारों को फायदा पहुंचा रहा है और शहर का विनाश कर रहा है। उनके विरुद्ध जो भी सबूत जमा करता है उसे फंसाने का प्रयास जाधव करते हैं। ऐसे में अब उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में उनके हस्ताक्षर से पास किए गए टेंडरों, बिलों की जांच होनी चाहिए जिसमें हजारों करोड़ों का भ्रष्टाचार उजागर होगा। उन्होंने खुद को सेफ करने के लिए अपने जूनियरों को अटकाया है। ऐसी बात उनके ही विभाग के कर्मचारियों ने बताई है। क्या मनपा आयुक्त शहर अभियंता संदीप जाधव के भ्रष्ट कारोबार की जांच करके उन पर निलंबन की कार्रवाई करेंगी। ऐसा सवाल मनपा गलियारों में चर्चा है।

ज्ञात हो कि 2023 में बांधकाम विभाग में कनिष्ठ अभियंता पद पर विराजमान संदीप जाधव को मनपा आयुक्त अजिज शेख ने पदोन्नति देकर प्रभारी शहर अभियंता नियुक्त किया गया था। तबसे आज तक वो शहर अभियंता बने बैठे हैं। जाधव की 2003 में मनपा में भर्ती हुई थी। कनिष्ठ व उप अभियंता के तौर पर PWD में कार्य कर चुके हैं। 22 वर्षों से एक ही जगह आखिर वो कैसे टिके हुए हैं यह भी जांच का विषय है।

अंबरनाथ-बदलापुर में पुलिस बिठा रही CCTV कैमरे

■ अपराधियों पर लगेगा अंकुश
■ परिमंडल-4 में 1541 कैमरे लगेंगे
■ ठेकेदार कर रहा मनमानी

▶▶ यूसुफ शेख

अंबरनाथ. अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर पूरे ठाणे पुलिस आयुक्तालय में अपराधियों पर अंकुश लगे एवं शहर सुरक्षित रहे इसलिए ठाणे पुलिस आयुक्तालय में 6 हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया जा रहा है. उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर में 525 ठिकानों पर 1541 सीसीटीवी कैमरे बिठाने का काम शुरू हो चुका है. शहर के सिगनल परिसर, मुख्य चौक, स्कूल, महाविद्यालय तथा निर्जन स्थानों पर ये कैमरे बिठाए जाएंगे. इन कैमरों की सहायता से वाहतुक नियंत्रण का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के साथ अपराधियों पर अंकुश लगाना मुमकिन हो सकेगा. ठाणे पुलिस आयुक्तालय में कुल 35 पुलिस स्टेशन हैं. उपरोक्त शहरों में कैमरे बिठाने के लिए रास्ते खोदे जा रहे हैं. इन कामों के लिए नगर परिषद महापालिका से अनुमति ली गई है या नहीं पता नहीं है. अंबरनाथ में कंक्रीट की सड़कें खोदकर, तोड़कर उसमें कैमरे की वायर डालने के लिए प्लास्टिक पाइप डाले जा रहे हैं. खोदे हुए गड्ढे का डेब्रिज शहर में 20 दिनों से उठाया नहीं गया है. गड्ढे भी ठीक तरह से भरे नहीं गए हैं. ठाणे, भिवंडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर में काम शुरू है. ये स्थिर कैमरे 360 डिग्री में फिरने वाले कैमरे, दूर से और अंधेरे में वाहनों के नंबर स्पष्ट दिए ऐसे एएचपीआर कैमरे और वाहनों की रफ्तार दर्ज करने वाले एरएलवीडी अत्याधुनिक कैमरे बिठाए जाएंगे. ये पुलिस नियंत्रण कक्ष से जोड़े जाएंगे, जिससे पुलिस को नियंत्रण कक्ष में बैठक पूरे शहर की गुन्हेगारी और ट्रैफिक पर नजर रखना संभव होगा. अंबरनाथ में इस काम जिसको ठेका दिया गया है, वह ठेकेदार ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है. स्टेशन चौक पश्चिम में एक बड़ा पोल गड्ढा करके खड़ा किया गया है, लेकिन कचरा, डेब्रिज एक महिने से उठाया नहीं गया है.

जवाब मांगने पर पिता ने पत्नी और बेटे को पीटा

उल्हासनगर. नेवाली इलाके में एक घटना घटी जहां एक पत्नी और बड़े बेटे को उस समय बुरी तरह पीटा गया जब उन्होंने अपने छोटे बेटे की पिटाई के बारे में उनसे पूछा। इस संबंध में सचिन लोंढे के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

सचिन अपने परिवार के साथ उल्हासनगर के पास म्हात्रे चॉल, नेवाली नाका में रहते हैं। शाम छह बजे छोटा बालक अक्षय खेलकर घर आया। देर से घर आने के लिए पूछने पर अक्षय को पीटा। इस बीच जब सचिन की पत्नी पूजा और बड़े बेटे आकाश ने उससे मारपीट के बारे में पूछा तो उसने उनके साथ भी मारपीट की। पूजा की शिकायत के आधार पर सचिन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

उल्हासनगर मनपा में विभिन्न विभागों में फेरबदल

उल्हासनगर. मनपा प्रशासन में पारदर्शिता, नियमितता और तेजी से काम सुनिश्चित करने के लिए, आयुक्त मनीषा आव्हाले ने चार उपायुक्तों और चार सहायक आयुक्तों के बीच विभिन्न विभागों के विभागों का वितरण किया। खातों के आवंटन से कार्य में तेजी आने की संभावना है।

सरकार ने उल्हासनगर मनपा में प्रतिनियुक्ति पर एक अतिरिक्त आयुक्त, 4 उपायुक्त और 4 सहायक आयुक्त नियुक्त किए। आशा है कि यह अधिकारी मनपा के कार्यों को पारदर्शी और त्वरित बनाएगा। आयुक्त मनीषा आव्हाले ने प्रशासनिक कार्यों को उपायुक्त और सहायक आयुक्त के बीच विभाजित किया। इससे पहले लिपिक वर्ग के कर्मचारी को प्रथम व द्वितीय श्रेणी के पदों के साथ ही महत्वपूर्ण विभाग का प्रभार भी दे दिया जाता था। ऐसे कर्मचारियों को वापस उनके मूल पद पर भेज दिया जाता था। आज भी कई कर्मचारी महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं।

उपायुक्त विशाखा मोटघरे को लोक निर्माण विभाग, संपत्ति

कर, उद्यान, वृक्ष प्राधिकरण, संपत्ति, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग का कार्यभार सौंपा गया है।

उपायुक्त डॉ. दीपाली चौगले को सामान्य प्रशासन, अभिलेख, विधि, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, अग्निशमन एवं भण्डार विभाग का प्रभार दिया गया है।

उपायुक्त अनंत जवादवार के पास जलापूर्ति, विकलांग, महिला व बाल कल्याण, राष्ट्रीय आपदा आदि विभाग हैं।

उपायुक्त डॉ. विजय खेडकर को वैधानिक स्वास्थ्य, वाहन व परिवहन विभाग, आधार केंद्र, जनगणना, पर्यावरण, बाजार लाइसेंसिंग, खेल व सांस्कृतिक आदि विभागों का प्रभार सौंपा गया है।

उपायुक्तों को सौंपे गये विभाग का पतीपदभार अजय साबले, राहुल लोंढे, मयूरी कदम और विशाल कदम को सौंपा गया है। अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस को नगर नियोजक, अनाधिकृत निर्माण हटाने तथा महानगरपालिका सचिव का पदभार सौंपा गया। आयुक्त मनीषा आव्हाले ने लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग को सीधे अपने नियंत्रण में रखा है।

महसूल विभाग ने पत्थर से भरा ट्रक पकड़ा

■ ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया
■ पुलिस में 4 के खिलाफ अपराध दर्ज

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

अंबरनाथ. अंबरनाथ मंडल अधिकारी ने बिना महसूल भरे जा रहे दो ब्रास पत्थर से भरे ट्रक को फातिमा स्कूल के पास पकड़कर तहसील कार्यालय में जमा करके ट्रक मालिक-चालक से महसूल वसूल करने का काम शुरू ही किया था कि चालक मालक एवं अन्य दो ने हंगामा करते हुए ट्रक को लेकर भाग गए. इस बाबत अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में 4 लोगों के विरुद्ध मंडल अधिकारी सीमा मोरे ने अपराध दाखिल किया है. ये कार्रवाई जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, अपर जिलाधिकारी, उल्हासनगर उप विभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया है. ट्रक चालक अनमोल सिंग, विजय जाधव, अर्जन जाधव एक अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है. अंबरनाथ पश्चिम में बदलापुर मंडल अधिकारी, दक्षता पथक और तहसील कार्यालय मार्फत अनधिकृत गौण खनिज की वाहतुक करने वाले वाहनों पर कार्रवाई शुरू थी. सुबह 9 बजे एक ट्रक में अनधिकृत तरीके से दो ब्रास पत्थर ले जाया जा रहा था. उसे रोककर पूछताछ करने पर पता चला कि ट्रक चालक के पास किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं थी. दुय्यम बिक्री परवाना भी नहीं था. ट्रक को तहसील कार्यालय में ले जाया गया. वह पर हंगामा करके चार ने पत्थर से भरा ट्रक लेकर भाग गए. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

उल्हासनगरवासियों को मिलेगा विशेष पैकेज: महेश सुखरामानी

उल्हासनगर. सिंधी समाज को विभाजन के 78 साल बाद उन्हें आखिरकार जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है। महाराष्ट्र में भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महसूल मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने आदेश जारी किया कि पूरे महाराष्ट्र में सिंधी समाज को जहां भी पट्टे की जमीन मिली है उनका मालिकाना हक दिया जाएगा। इस आदेश को लेकर सिंधी समाज में खुशी की लहर है और उनको कम दाम देकर उनकी जमीन का मालिकाना हक मिल जाएगा। इस आदेश में उल्हासनगर को बाहर रखा गया है लेकिन उल्हासनगर वासियों को इस मामले में विशेष पैकेज दिया जाएगा ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ मिले। महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी ने सिंधी समाज के प्रतिष्ठित लोगों के साथ में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महसूल मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से मुलाकात करके उनका अभिनंदन किया कि उन्होंने सिंधी समाज के बारे में यह उचित निर्णय लिया है जिससे सिंधी समाज को उनका मालिकाना हक मिलेगा। उल्हासनगर की समस्याओं को भी सुखरामानी ने मुख्यमंत्री फडणवीस और चंद्रशेखर बावनकुले के समक्ष रखा। दोनों ने सकारात्मक भूमिका रखी और कहा कि उल्हासनगर के सिंधी समाज के लिए विशेष पैकेज निकाला जाएगा जिससे उन्हें आसानी से मालिकाना हक मिल पाए और उल्हासनगरवासियों को इसका पूरा लाभ मिल सके। इस मुलाकात में महेश सुखरामानी के साथ में नागपुर से वीरेंद्र कुकरेजा, लदाराम नागवानी, जय नागवानी, डॉ राम जव्हारानी, मुकेश रूपानी, सुनील भतीजा, कमल ग्लानि, सुरेश ग्लानि, शंकर गुरनानी, भूषण वाधवानी, अजय पंजाबी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

जान हथेली पर लेकर काम कर रहे मजदूर

■ रेलवे के अधिकारी ध्यान दें

अंबरनाथ. अंबरनाथ पादचारी पुल, जो कि पूर्व-पश्चिम को जोड़ता है, जर्जर होने के कारण उसी के पास में एक नया चौड़ा पादचारी पुल का निर्माण शुरू है. इस पादचारी पुल पर छत डालने के लिए लोहे की कमानी लगाने का काम गत कुछ दिनों से चल रहा है. इस कमानी पर कुछ मजदूर अपनी जान हथेली पर लेकर काम कर रहे हैं. गुरुवार की दोपहर में सख्त गरमी में इस लोहे की कमानी पर कई फुट ऊंचाई पर एक मजदूर बिना हेल्मेट, बिना रस्सी बांधे, हाथ-पर में सुरक्षा के उपाय ना करते हुए काम करते देखा गया है. मजदूर का अगर पैर फिसला ततो वह नीचे गिर कर मौत के मुंह में जा सकता है. राहगीर भी ये देखकर दंग रह गए. रेलवे का कोई अधिकारी यहां मौजूद दिखाई नहीं दिया. ये सब अंबरनाथ रेलवे स्टेशन के पास जानलेवा काम चल रहा है. नीचे से ट्रेनों का आना-जाना शुरू है. क्या मध्य रेलवे अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे.

बारवी बांध का जलस्तर 46% पर!

■ सात दिनों में 2.16 प्रतिशत घटा पानी
■ पानी का उपयोग सावधानी से करने की अपील

ठाणे. जिले के ग्रामीण इलाकों में मार्च की शुरुआत से ही पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और अब शहरी इलाकों में भी विभिन्न स्थानों पर पानी की कमी देखी जा रही है। अप्रैल और मई के महीनों में भीषण गर्मी की चेतावनी के बावजूद ठाणे जिले को जलापूर्ति करने वाले बारवी बांध का जलस्तर अप्रैल के पहले सप्ताह में 46.45 प्रतिशत तक गिर गया है। आंध्रा बांध का जलस्तर भी घटकर 51.33 प्रतिशत रह गया है। इसके चलते जिला जलापूर्ति विभाग ने नागरिकों से अप्रैल से जून तक पानी का उपयोग बहुत सावधानी से करने की अपील की है।

इस बार मुंबई और उसके उपनगरों में गर्मी पिछले साल की तुलना में अधिक है। मुंबई, ठाणे और आसपास के शहरों में हर

दिन गर्मी का तापमान बढ़ रहा है। मार्च के मध्य से हर जगह तीव्र गर्मी महसूस की जा रही है। बढ़ती गर्मी के कारण हर जगह पानी की खपत बढ़ रही है। ठाणे जिले के ग्रामीण इलाकों में प्राकृतिक जल स्त्रोत फरवरी में ही सूख गए थे और पिछले कई हफ्तों से टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। यह भी पता चला है कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कई आवासीय परिसरों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसके चलते इस वर्ष अप्रैल माह में ही हर जगह पानी की कमी महसूस होने लगी है। बांध में जल भंडारण को देखते हुए महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा अंबरनाथ शहर में प्रत्यक्ष जल कटौती लागू की गई है। यदि गर्मी का प्रकोप इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए जिले के अन्य शहरों में भी पानी की कटौती लागू की जाएगी।

जिले की शहरी बस्तियों और औद्योगिक क्षेत्रों को मुरबाड तालुका में एमआईडीसी के बारवी बांध और पुणे जिले में टाटा कंपनी के आंध्रा बांध से पानी की आपूर्ति की जाती है। इनमें से बारवी बांध की कुल जलस्तर क्षमता 338.84 मिलियन लीटर है। आंध्र बांध की कुल जल स्तर क्षमता 339.14 मिलियन लीटर है। वर्तमान में बारवी बांध में कुल जल संग्रहण का 157.38 मिलियन लीटर या 46.45 प्रतिशत जल उपलब्ध है। आंध्र बांध में वर्तमान में 174.09 मिलियन लीटर या 51.33 प्रतिशत पानी उपलब्ध है।

बारवी बांध में जल संग्रहण पूरे ठाणे जिले के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और पिछले एक सप्ताह में ही बांध में जल संग्रहण में 2.16 प्रतिशत की कमी आई है। इससे जिला प्रशासन के लिए जून के अंत तक जलापूर्ति उपलब्ध कराना चुनौती होगी।

पानी का रिसाव रोकें, अन्यथा होगी कार्रवाई

■ कुशलता से काम करने की दी गई चेतावनी

उल्हासनगर. मनपा अब शहर की जलापूर्ति प्रणाली पर व्यापक पुनर्विचार कर रहा है और नागरिकों को सुचारू, गुणवत्तापूर्ण और समान जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली ने युद्ध स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है। इस पृष्ठभूमि पर प्रशासक व आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कैंप क्रमांक 4 व 5 क्षेत्र में जलापूर्ति योजना से संबंधित अति महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा कर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने मौजे पाले गांव में मुख्य जलापूर्ति कनेक्शन के साथ-साथ खाड़ी मशीन पंपिंग स्टेशन और दशहरा मैदान पंपिंग स्टेशन की दक्षता,

मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले की जलापूर्ति विभाग को स्पष्ट चेतावनी

रखरखाव व्यवस्था और वितरण प्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए कि पानी का रिसाव तत्काल बंद किया जाए, तथा सभी क्षेत्रों में अनाधिकृत नल कनेक्शन धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

साथ ही जल वितरण कार्यक्रम तैयार करने को भी कहा गया है ताकि नागरिकों को योजनाबद्ध और समान तरीके से पानी मिल सके। आयुक्त मनीषा अव्हाले ने विभाग को कुशलतापूर्वक काम करने की चेतावनी देते हुए कहा, जल संसाधन अमूल्य हैं और यह सुनिश्चित करना महानगर पालिका की जिम्मेदारी है कि वे सभी तक समान रूप से पहुंचें। इस महत्वपूर्ण दौरे पर आयुक्त के साथ उपायुक्त अनंत जवादवार, कार्यकारी अभियंता अशोक घुले, उप अभियंता दीपक ढोले, परमेश्वर बुडगे और अश्विन राठौड़ उपस्थित थे।

पाइपलाइनों और पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण

■ आयुक्त मनीषा आव्हाले ने स्वयं कैम्प 4 और 5 में जलापूर्ति योजना से संबंधित मुख्य पाइप लाइन, खड़ी मशीन और दशहरा मैदान पंपिंग स्टेशन का दौरा किया और व्यवस्था का निरीक्षण किया।
■ जल स्रोतों पर पानी के रिसाव को तुरंत रोकने, दैनिक रखरखाव और समय पर मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए विभाग को स्पष्ट आदेश दिए गए।
■ अनाधिकृत पाइप कनेक्शनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी
■ शहर में अनाधिकृत जल कनेक्शनों का सर्वे कर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश।
■ समान एवं नियोजित जल वितरण हेतु कार्यक्रम तैयार करने का आदेश
■ विभाग को एक कार्यक्रम तैयार करने का आदेश दिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक क्षेत्र में योजनाबद्ध और समान मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जाए।

हेल्पलाइन पर फोन कर पुलिस को धोखा देने का प्रयास, इंजीनियर गिरफ्तार

उल्हासनगर. उसने अपने कुकृत्यों को छिपाने के लिए पुलिस हेल्पलाइन का इस्तेमाल किया। लेकिन सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता और पाप किसी मुखौटे के पीछे नहीं छिप सकता। उल्हासनगर में एक विकृत पड़ोसी 50 वर्षीय व्यक्ति ने चार वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार करने के बाद खुद को निर्दोष बताते हुए 112 हेल्पलाइन पर पुलिस को फोन किया और बच्ची के माता-पिता के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल के मार्गदर्शन में की गई जांच में सच्चाई सामने आ गई और आरोपी को आखिरकार सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 नागरिकों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया था, लेकिन उल्हासनगर में एक दरिंदे ने अपने जघन्य अपराध की सच्चाई छिपाने के लिए उसी सेवा का इस्तेमाल किया। विट्ठलवाड़ी थाने के 50 वर्षीय इंजीनियर आरोपी ने पड़ोस में रहने वाली चार साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के बाद 112 नंबर पर फोन करके और उसके माता-पिता के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह किया।

लड़की को उसके परिवार द्वारा परेशान किया जा रहा है...

उसने पुलिस के सामने सहानुभूति की एक अलग छवि पेश करने की कोशिश की, यह दिखावा करते हुए कि लड़की को उसके परिवार द्वारा परेशान किया जा रहा था, और वह उसे गोद लेना चाहता था। लेकिन जब पुलिस को मामले पर संदेह हुआ तो उन्होंने पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल को घटना की जानकारी दी। जब पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर माता-पिता से पूछताछ की तो वे यह शिकायत सुनकर हैरान रह गए। इसके बाद विट्ठलवाड़ी पुलिस और पीड़िता के परिवार ने उनकी बेटी को विश्वास में लिया और उससे बात की। इसके बाद लड़की ने जो कहा वह दिल दहला देने वाला था। छोटी लड़की ने बताया कि जिस व्यक्ति ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था, वही व्यक्ति उसे गोद लेने की बात कर रहा था।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

वक्फ : सड़कों पर उतरे लोग

वक्फ संशोधन विधेयक बेशक अब कानून बन गया हो, पर इसके विरोध में आवाजें उठनी बंद नहीं हुई हैं। पश्चिम बंगाल में आगजनी और विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि वे इस कानून को अपने यहां लागू नहीं करेंगी। उन्होंने इस मुद्दे पर विरोध जता कर एक तरह से राजनीतिक टकराव की बुनियाद रख दी है। वक्फ के खिलाफ जिस तरह से सियासी और सामाजिक टकराव शुरू होता दिखा रहा है, वह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है।

संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने से पहले आम सहमति बनाई जाती, तो यह बेहतर होता। तब शायद न तो शीर्ष अदालत में याचिकाएं दायर होतीं और न ही कश्मीर से लेकर मणिपुर तक लोग सड़कों पर उतरते। मुर्शिदाबाद जिले से पथराव और आंसू गैस छोड़े जाने की जो तस्वीरें आईं, वे डराती हैं।

यह दुखद है कि वक्फ कानून के समर्थन में बोलने वालों को पीटा गया। मणिपुर में एक नेता का घर जला दिया गया। जम्मू-कश्मीर में विरोध उस समय दिखा, जब विधानसभा में भारी हंगामे के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक आमने-सामने आ गए। सदन में विवाद इतना बढ़ा कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। दरअसल, विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक पर आपत्तियों का समुचित निराकरण नहीं किया गया। हालांकि सरकार ने इसके लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित की थी, पर उसमें भी संतोषजनक बदलाव नहीं किए गए। दोनों सदनों में बहस के दौरान आपत्तियां उठती रहीं। कानून लागू करने से पहले अगर उसके सभी पहलुओं पर विचार कर लिया जाता, तो शायद इतना विवाद न होता।

कोई भी कानून पूरे देश और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है, मगर जब उसे सियासीहार-जीत का मुद्दा बना लिया जाता है, तो विवाद उठता ही है। इसीलिए इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय में गुहार भी लगाई गई है। किसी भी मसले पर सियासी मतभेद हो सकते हैं, लेकिन विचारधारा का ऐसा टकराव न हो, जिससे संघीय ढांचे पर चोट पहुंचे। इस समय वक्फ पर मचे घमासान में हमें इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी है।

आहत होती लोकतांत्रिक गरिमा, न्यायपालिका को आगे आना होगा

अगत वर्ष के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस के 10 विधायकों और आठ विधान परिषद सदस्य दलबदल कर कांग्रेस में शामिल हो गए। बीआरएस ने तेलंगाना विधानसभा स्पीकर से अनुरोध किया कि इन विधायकों की सदस्यता समाप्त की जाए। इस पर स्पीकर की हीलाहवाली के चलते मामला हाई कोर्ट होते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

जिस पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि इन सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव नहीं होंगे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि मुख्यमंत्री ने ऐसा कहकर दलबदल विरोधी कानून का मजाक उड़ाया है। अदालत ने कहा, स्पीकर इस पर क्या फैसला करते हैं, उस पर हमारा कुछ नहीं कहना। हालांकि स्पीकर को एक उचित समयसीमा के भीतर फैसला कर देना चाहिए।

यदि वह अदालत के इस अनुरोध का पालन नहीं करते तब हम शक्तिहीन होकर नहीं बैठे रह सकते। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत हमें विशेष परिस्थितियों से निपटने के लिए शक्ति उपलब्ध है। हम संविधान के संरक्षक की हैसियत से अपनी शक्ति का उपयोग करेंगे।' ऐसी अदालती फटकार के बाद यह मामला एक समयसीमा के भीतर सुलझ जाने की उम्मीद बंधी है। हालांकि ऐसा यह इकलौता मामला नहीं है।

वर्ष 2021 में बंगाल में हुए दलबदल में स्पीकर की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी शीर्ष अदालत को ऐसा ही आदेश देना पड़ा था। यह मामला भाजपा विधायक मुकुल

राय से जुड़ा था। उनके दलबदल पर स्पीकर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। उस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, 'स्पीकर को ऐसे मामले में अधिकार इसलिए दिया गया है ताकि वह स्वतंत्र रूप से निर्णय कर सकें, पर उम्मीद के विपरीत यह आम प्रथा चल पड़ी है कि ऐसे मामलों को महीनों और वर्षों तक लटकाए रखा जा रहा है।' दलबदल और नैतिकता का ह्रास ही नहीं कानूनी और संसदीय आचरण के मामले में स्थिति इतनी बिगड़ती जा रही है कि आए दिन संविधान और विधायिका संस्था की गरिमा को ठेस पहुंच रही है।

अब सुप्रीम कोर्ट को ही कुछ कदम उठाने पड़ेंगे। अन्यथा संविधान के संरक्षक के रूप में उसके दायित्व का अपेक्षा के अनुरूप पालन नहीं हो पाएगा। मौजूदा स्थिति से चिंतित कई लोग यह चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से एक उच्चाधिकार प्राप्त आयोग बने। वह संसदीय जनतंत्र की गरिमा को बहाल करने के लिए ठोस सुझाव दे। संसदीय एवं लोकतांत्रिक गरिमा को चोट पहुंचाने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रविधान करे। यह बहुत आवश्यक हो चला है, क्योंकि पीठासीन अधिकारियों के तमाम प्रयासों के बावजूद इन दिनों विधायी संस्थाओं का प्रभावी संचालन नहीं हो पा रहा है। इस पर आम लोगों का दुखी होना स्वाभाविक है।

यह देखने में आता है कि संसद-विधानसभा में कोई भी सदस्य उठकर जो चाहे बोलने लगता है। नियम यह है कि किसी के खिलाफ सदन के भीतर आरोप लगाने से पहले सदस्य उन आरोपों के आलोक में पीठासीन पदाधिकारी से उस पर बोलने की पूर्व अनुमति प्राप्त करे। अब शायद ही इस परंपरा का पालन होता है। सदन की कार्यवाही के सीधे प्रसारण के कारण आरोप की जानकारी सार्वजनिक हो जाती है। बाद में आरोप को कार्यवाही से निकाल दिया जाता है। इससे कोई लाभ नहीं होता, क्योंकि आरोप लगाने वाला अपने उद्देश्य में सफल हो जाता है। संसदीय विशेषाधिकारों के चलते आरोप लगाने वाला कानूनी शिकंजे से भी बच निकलता है। अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्रित्व काल में आम तौर पर दिल्ली विधानसभा का सत्रावसान नहीं कराया जाता था। जब चाहे सदन की बैठक बुलाकर केजरीवाल अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अपुष्ट आरोपों की झड़ी लगा देते थे। यदि वही बात वह सदन से बाहर बोलते तो उन पर मानहानि का केस हो सकता था।

कल्पना कीजिए कि आज की तरह यदि तब भी संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो रहा होता तो आचार्य जी की क्या स्थिति हुई होती? तब ऐसी घटनाएं भी इक्का-दुक्का थीं। राजनीति में लोकलाज की भावना बनी हुई थी। आचार्य कृपलानी पर टिप्पणी कार्यवाही से निकाल दी गई। इसलिए वह अखबारों में भी नहीं छपी।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारी आत्मा, जिसका सार-तत्व वही है जो परमात्मा का है, विशुद्ध चेतनता की उपस्थिति में ही आनंद पाती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

विनिर्माण क्षेत्र में नजर आ रहा सुधार

भारतीय रिजर्व बैंक ने बाजार अनुमानों के मुताबिक रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती कर दी है। करीब पांच वर्षों तक रेपो दर में कोई कटौती नहीं की गई थी। फरवरी में पच्चीस आधार अंक की कटौती की गई थी। यह दूसरी कटौती है। इससे बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ने और भवन, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ कम होने का रास्ता आसान हो गया है। रिजर्व बैंक यह फैसला इसलिए कर पाया कि इस वक्त अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं, गेहूं और दालों का अच्छा उत्पादन हुआ है, खुदरा महंगाई का रुख नीचे की तरफ है।

आगे भी महंगाई के नीचे रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक ने महंगाई चार फीसद पर रहने का अनुमान लगाया है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही था कि महंगाई को चार फीसद के आसपास रखा जा सके। इसलिए अब उसने अपना ध्यान विकास दर पर केंद्रित कर दिया है। फिलहाल विकास दर साढ़े छह फीसद पर रहने का अनुमान है। जिस तरह अमेरिकी शुल्क नीति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है, उसमें भारत के लिए अपना सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी हो गया है।

इस वक्त अच्छी बात है कि विनिर्माण क्षेत्र में सुधार नजर आ रहा है, जो चिंताजनक स्तर तक गोते लगा चुका था। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर होने का असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ता है। यह क्षेत्र इसलिए कमजोर पड़ा हुआ था कि महंगाई आम लोगों की सहनशक्ति से ऊपर चली गई थी और उन्होंने अपने दैनिक उपभोग में कटौती करनी शुरू कर दी थी। अब महंगाई घटी है, तो स्वाभाविक रूप से उपभोग का स्तर

उठेगा, जिससे विनिर्माण क्षेत्र को बल मिलेगा।

रेपो दर कम होने से ब्याज दरों में कमी आती है। इसका लाभ कर्ज लेने वालों को तो मिलता है, पर बचत खाते आदि में पैसा जमा कराने वालों को नुकसान होता है। हालांकि जिन लोगों के पास पूंजी अधिक है, वे लंबी अवधि की योजनाओं में जमा कर अधिक ब्याज का लाभ ले सकते हैं। सबसे अधिक राहत वाहन, भवन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों को महसूस होती है, पर बैंक चूंकि लंबे समय से कारोबारी शिथिलता से जूझ रहे हैं, वे रेपो दर में पच्चीस आधार की कटौती का लाभ तुरंत अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है।

इस वक्त जिस तरह विश्व बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है, निर्यात में और कमी आने की चिंता बढ़ गई है। पहले ही निर्यात के मामले में संतोषजनक वृद्धि नहीं हो पा रही थी, कई देशों के साथ व्यापार घाटा चिंताजनक दर से बढ़ रहा था, उसमें घरेलू बाजार को मजबूत करने पर बल देना होगा। रिजर्व बैंक का कहना है कि बाजार में अतिरिक्त पूंजी प्रवाह बढ़ाया जाएगा, इससे विनिर्माण क्षेत्र को बल मिलेगा, मगर खपत बढ़ाना फिर भी बड़ी चुनौती रहेगी।

ऐसे में, रेपो दर में कटौती का लाभ इस बात पर निर्भर करेगा कि घरेलू बाजार को मजबूत करने पर कितना जोर दिया जा रहा है। जब बेरोजगारी की दर पर काबू पाने और प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के साधन विकसित नहीं हो पा रहे हैं, तो उसमें केवल रेपो दर में कटौती से आर्थिक बेहतरी का दावा करना मुश्किल ही बना रहेगा।

11.51 लाख में बिका गुजरात का 'पृथ्वी' घोड़ा !

जरा हट के

सौराष्ट्र में काठियावाड़ी घोड़ों की विशेष लोकप्रियता है. वर्तमान में कई लोग शौक के लिए घोड़े पालते हैं और ये घोड़े लाखों की कीमत रखते हैं. घोड़ा पालक अपने घोड़ों को परिवार के सदस्य की तरह ही संभालते हैं. काठियावाड़ी घोड़ों की कीमत लाखों रुपये में होती है. जूनागढ़ शहर के एक घोड़ा पालक का काठियावाड़ी घोड़ा 11.51 लाख में बिका है.

राजुभाई राडा ने बताया कि वे जूनागढ़ शहर में रहते हैं और उन्हें घोड़ों का शौक है. उनके पिता भी घोड़े रखते थे और वे इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं. राजुभाई के पास काठियावाड़ी नस्ल के घोड़े और घोड़ी हैं और वे ब्रीडिंग करके उत्तम नस्ल के घोड़े तैयार कर रहे हैं. राजुभाई ने हाल ही में अपने एक घोड़े को बेचा है, जिसकी कीमत 11.51 लाख रुपये है. काठियावाड़ी घोड़ों का उपयोग लोग दौड़ और अपने शौक के लिए अधिक



करते हैं.

राजुभाई ने बताया कि बिहार में उनके 'पृथ्वी' नामक काठियावाड़ी घोड़े को बेचा गया है. काठियावाड़ी घोड़ों की अन्य राज्यों में ब्रीडिंग के लिए मांग बढ़ रही है. 11 साल का 'पृथ्वी' नामक काठियावाड़ी घोड़ा अन्य राज्य में बिका है. पहले के समय में काठियावाड़ी घोड़े राजा, रजवाड़े और नवाबों द्वारा शौक और युद्ध के लिए रखे जाते थे, और तब से ही इन घोड़ों की मांग रही है. अब काठियावाड़ और गुजरात में काठियावाड़ी घोड़े कम देखने को मिलते हैं, जबकि अन्य राज्यों में उनकी मांग बढ़ रही है. काठियावाड़ी घोड़े अपनी रहन-सहन और चाल-ढाल से जाने जाते हैं.

बिहार राज्य के पटना में स्थित एक घोड़ा पालक द्वारा महंगी कार के भाव में घोड़े की खरीद की गई है. इस घोड़े को 11 लाख 51,000 रुपये में खरीदा गया है, सिर्फ एक या दो लाख में नहीं. इस खरीद का उद्देश्य अन्य घोड़ों का पालन-पोषण और काठियावाड़ी नस्ल को बढ़ावा देना है. घोड़े को बिहार पहुंचने में 4 दिन लगेंगे. उसे बिहार ले जाने के लिए खास एम्बुलेंस मंगवाई गई है, जिसकी मदद से घोड़े को बिहार पहुंचाया जाएगा.

क्या सच में वजन घटाता है ओट्स?

- धोखे में न रहें
- फायदे के उलट कर सकता है 5 नुकसान

ऑफिसों में घंटों बैठकर नौकरी करने वाले लोग अक्सर वजन बढ़ने की शिकायत करते हैं. जब भी वजन घटाने या वजन को कंट्रोल करने की बात आती है तो लोग हेल्दी डाइट का ही रुख करते हैं. कोरोना के बाद तो लोगों के बीच हेल्दी डाइट और ऑर्गेनिक फूड का चलन काफी बढ़ा है. हेल्दी डाइट के नाम पर अक्सर लोग ओट्स को अपनी डाइट में शामिल कर लेते हैं. हर रोज नाश्ते में ओट्स खाना एक अच्छी आदत समझा जाता है. अपनी डाइट में ओट्स को जोड़ना अच्छा समझा जाता है. लेकिन क्या ये वाकई अच्छी आदत है? क्या रोज सुबह ओट्स खाना आपके लिए सेहत के फायदे दे रहा है. आइए इसे समझते हैं मुंबई की प्रसिद्ध न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. महर पंजवानी से.

1. सिर्फ कार्बोहाइड्रेट है ओट्स

ओट्स संस्कृति की एक उक्ति है, 'अति सर्वत्र वर्जते' जिसका अर्थ होता है जरूरत से ज्यादा कोई भी चीज नुकसान देती है. यही बात ओट्स के साथ भी लागू होती है. न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. महर पंजवानी बताती हैं कि हमारे शरीर को अलग-अलग खाने से कई तरह के पोषक तत्व मिलते हैं. यही वजह है कि हमारी भारतीय थाली में आपको इतनी वैरायटी देखने को मिलती है. हम मौसम के हिसाब से भी अपने भोजन को बदलते हैं. ऐसे में अगर आप हमेशा एक तरह का नाश्ता करते हैं, या रोज एक तरह का कार्ब ले रहे हैं तो ये प्रैक्टिस वैसे ही गलत है. दूसरा ऑट्स की बात करें तो ये सिर्फ कार्बोहाइड्रेट होता है, तो हम अपने दिन के सबसे जरूरी मील के लिए सिर्फ एक चीज पर निर्भर नही रह सकते.

2. ग्लाइसेमिक इंडेक्स का बढ़ना: ओट्स में ग्लूकोज और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा होती है, जिसके कारण यह आपके ब्लड ग्लूकोस को बढ़ा सकता है. ये एक कॉम्प्लेक्स कार्ब है इसलिए यदि आप डायबिटीज के रोगी हैं, तो इससे आपके ब्लड शुगर लेवल में स्पाइक आ सकता है.

3. कैलरी भी ज्यादा : अगर आप वजन घटाने की प्रक्रिया में हैं तो समझ लें कि ओट्स में बहुत ज्यादा कैलरी होती है. तो ये साफ है कि वेट लॉस की जर्नी में ये आपका बहुत अच्छा दोस्त नहीं है.

4. फाइबर की अधिकता बिगाड़ती है पाचन: डॉ. महर पंजवानी बताती हैं कि अगर आप ओट्स को सीधा खा रहे हैं, इसे किसी और चीज के साथ कम्बाइंड नहीं कर रहे हैं तो इसमें बहुत ज्यादा फाइबर होने की वजह से इससे डाइजेशन की समस्या हो जाती है, क्योंकि शरीर अन्य न्यूट्रीएंट्स को पचा नहीं पाता है. इससे पाचन संबंधी समस्याएं जैसे कि पेट में गैस और पेट दर्द आदि हो सकती हैं.

5. प्रोसेस्ड फूड हो सकता है आपका ओट्स: बाजार में कई ऐसे ओट्स, मसाला ओट्स आदि उपलब्ध हैं जो, पूरी तरह प्रोसेस्ड हैं और उनमें शुगर की मात्रा ज्यादा होती है. ऐसे में ये ओट्स अगर आप खा रहे हैं तो आप हेल्दी फूड के बजाए अपनी शरीर में प्रोसेस्ड फूड डाल रहे हैं तो बहुत ही हानिकारक है.

इसे साधारण भाषा में ऐसे समझें कि जब आप एक ही तरह का खाना खाते हैं तो आपका शरीर उसका आदि हो जाता है और वह अन्य चीजों को पचाने में असमर्थ होता है. लेकिन हमारे शरीर को बढ़ने के लिए अलग-अलग तरह के न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है.

टमाटर का जूस

खाना-खजाना

गर्मियों में रोजाना सुबह खाली पेट टमाटर का जूस पीने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। यह आपको कब्ज की समस्या से तो राहत दिलाता ही है, साथ ही शरीर को डिटॉक्सिफाई भी करता है। आज हम आपके लिए इसे बनाने की एक ऐसी विधि लेकर आए हैं, जिससे आप दिनभर एनर्जी तो महसूस करेंगे ही, साथ ही यह आपको त्वचा से जुड़ी दिक्कतों से भी राहत दिलाएगा। आइए आपको बताते हैं कि कैसे करना है इसे बनाने की आसान रेसिपी।

सामग्री :

- टमाटर- 4
- गाजर-1
- काली मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून
- अजवाइन के पत्ते- 2
- नमक- स्वादानुसार

विधि :

टमाटर का जूस बनाने के लिए आपको सबसे पहले टमाटर और गाजर को अच्छे से धोकर काट लेना है। अब एक मिक्सर की मदद से टमाटर, गाजर और अजवाइन के पत्तों को पीस लें।

इसके बाद इन्हें अच्छी तरह से पीसकर एक स्मूद पेस्ट बना लें, अगर जरूरत महसूस हो तो आप इसे एक सूती कपड़े की मदद से छान भी सकते हैं।

इसके बाद इस जूस को एक सर्विंग गिलास में डालें।

इसमें काली मिर्च पाउडर और थोड़ा नमक डालकर डालें।

बस तैयार है आपका हेल्दी और टेस्टी टमाटर का जूस।

आज का राशिफल

मेष : रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

वृषभ : फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं।

मिथुन : विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

कर्क : घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

सिंह : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

कन्या : चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

तुला : शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें।

वृश्चिक : चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

धनु : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

मकर : पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

कुंभ : प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

मीन : पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

आंखों की कमजोर हो रही रोशनी को सही रखने के टिप्स...

घंटों मोबाइल की स्क्रीन पर देखना आंखों की रोशनी को कमजोर बना देता है। खासतौर पर ये डर बच्चों के साथ ज्यादा है। आजकल ज्यादातर बच्चे चश्मा लगा रहे हैं। जिनकी वजह आंखों का कमजोर होना है। आंखों के कमजोर होने के लिए आखों के शेप से लेकर रेटिना, कॉर्निया की हेल्थ रोशनी के लिए जिम्मेदार होती है। ऐसे में आंखों की रोशनी को तेज करने के लिए इन कामों को किया जा सकता है।

स्क्रीन टाइम कम करें

अगर आप आंखों की रोशनी को कमजोर होने से बचाना चाहते हैं तो मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की स्क्रीन को कम देखें। स्क्रीन की वजह से आंखों में थकान, सूखापन और धुंधली नजर का सामना करना पड़ता है। जब भी मोबाइल या लैपटॉप का यूज करें तो हर बार ब्रेक लेना जरूरी है। इसके लिए 20-20 का रूल फॉलो करें। 20 मिनट स्क्रीन देखने के बाद करीब 20 सेकेंड का ब्रेक लें और करीब 20 फीट दूर देखने को कोशिश करें।

आराम दें आखों को

आंखों के एक्सपर्ट का कहना है कि आंखों को आराम देना बहुत जरूरी है। लगभग हर दिन सात से आठ घंटे की नींद जूरी है। जिससे आंकों को भी आराम मिल सके।

बैलेंस डाइट लें

आंखों की सेहत बनाए रखने के लिए न्यूट्रिशन बेहद जरूरी है। विटामिन ए, सी और ई के साथ ही ओमेगा 3 फैटी एसिड भी आंखों की रोशनी के लिए जरूरी है। इन न्यूट्रिशन की मदद से आंखों का फंक्शन सुचारु रूप से चलता है। बढ़ती उम्र के साथ होने वाला नुकसान, काटारैक्ट्स और दूसरे आंखों की रोशनी से जुड़े दिक्कतों में आराम मिलता है।

आई चेकअप है जरूरी

हर साल आंखों का चेकअप जरूर करवाएं। जिससे कि कमजोर हो रही रोशनी के साथ ही आंखों की दूसरी समस्याओं जैसे आंखों पर प्रेशर पड़ने की दिक्कत, आंखों के बीच कॉर्डिनेशन, रेटिना की हेल्थ का भी चेकअप होता है। किसी भी तरह की समस्या होने पर डॉक्टर फौरन चेकअप कर समस्याओं को दूर करते हैं।

आंखों में सूखापन ना होने दें

बहुत सारे लोग आंखों मे ड्राईनेस महसूस करते हैं। जिसका कारण ज्यादा देर तक स्क्रीन पर बिना पलके झपकाए देर तक देखना होता है। ड्राईनेस की समस्या से बचने के लिए थोड़ी-थोडी देर पर पलकों को झपकाते रहना जरूरी है।

रोजाना खाली पेट अखरोट खाने से याददाश्त होगी तेज

कितनी मात्रा में खाना है फायदेमंद

एक्सपर्ट के मुताबिक हर दिन कम से कम 5-8 टुकड़े अखरोट के खाना फायदेमंद है। पानी में भीगे अखरोट शरीर में तेजी से अब्जॉर्ब

होते हैं। वहीं रोस्टेड अखरोट में पोषण की मात्रा कम हो जाती है। वैसे भीगे अखरोट शाम के वक्त भी खाए जा सकते हैं। अखरोट खाने से इतने सारे फायदे होते हैं।

याददाश्त तेज होती है

अखरोट को अगर रोजाना खाया जाए तो ये दिमाग के फंक्शन को सही रखने में मदद करती है। जिससे याददाश्त तेज होती है और डिमेंशिया जैसे लक्षणों को कम होने में मदद मिलती है।

हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड होते हैं। जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। जिससे हार्ट हेल्थ भी दुरुस्त रहती है। साथ ही ये कॉर्डियोवस्कुलर हेल्थ को सही रखता है। यहीं नहीं रोजाना अखरोट खाने से ब्लड प्रेशर को भी मैनेज करने में मदद मिलती है।

वेट मैनेजमेंट में मदद

अगर अखरोट को सीमित मात्रा में खाया जाया है। तो इसे खाने से पेट भरे होने का एहसास होता है। जिससे एनर्जी मिलने के साथ ही अनहेल्दी स्नैकिंग से आप बचे रह सकते हैं।

हड्डियों के लिए फायदेमंद

अखरोट में कॉपर और फास्फोरस की मात्रा भी होती है। जो हड्डियों की हेल्थ के लिए जरूरी है। इससे बोन डेंसिटी को बनाए रखने के साथ ही हेल्दी फैट्स की मदद से ज्वाइंट्स में लचीलापन बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

डिप्रेशन से राहत

हर दिन अखरोट खाने से मूड ठीक रहने और डिप्रेशन जैसी समस्या से निपटने में भी मदद मिलती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

खबरें गांव की...

पत्नी से परेशान एक और युवक ने दी जान, बीवी का इंस्टाग्राम स्टेटस देखकर की आत्महत्या

बरेली. यूपी के बरेली में एक और युवक ने पत्नी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पत्नी का इंस्टाग्राम पर लगा स्टेटस देखकर पति इतना परेशान हो गया की उसने अपनी जान दे दी। मामला मुंशीनगर का बताया जा रहा है। इलाके में युवक को जेल भिजवाने का महिला ने स्टेटस लगाया तो दुखी होकर युवक ने खुदकुशी कर ली। पति-पत्नी में विवाद चल रहा था और महिला अपने मायके में है। इज्जतनगर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुंशीनगर के आकांक्षा इंक्लेव में रहने वाले सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि, उसके भाई राज आर्य की शादी बीते साल 21 अप्रैल को शाहजहांपुर की युवती से हुई थी। किसी बात को लेकर कुछ समय से पति-पत्नी में विवाद हो गया था और करीब 10 दिन पहले राज की पत्नी को उसके माता-पिता अपने साथ लिवाकर चले गए थे। पत्नी तभी से मायके में ही रह रही है।

पत्नी के थाने में बुलाने पर भड़का पति, दुधमुंहे बच्चे को पटक दिया सड़क पर, टूटीं सिर की हड्डियां

गोरखपुर. गोरखपुर में एम्स इलाके के दरगहिया में रहने वाले दंपति के बीच का आपसी विवाद 14 महीने के दुधमुंहे बच्चे की जिंदगी पर आफत बन गई। पिटाई से आहत पत्नी बुधवार को एम्स थाने में फरियाद लेकर पहुंची। पुलिस के बुलाने पर आए पति ने बच्चे को खिलाने के बहाने गोद में लिया और फिर थाने के गेट के बाहर उसे सड़क पर पटक दिया। क्रूर पिता की हरकत से बच्चे के सिर की दो हड्डियां टूट गई हैं। आईसीयू में भर्ती बच्चे की हालत नाजुक है। उधर, आरोपित पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, लेकिन तहरीर न आने की वजह से केस दर्ज नहीं हुआ है।

भाभी की जगह डीएलएड परीक्षा दे रही थी ननद, ऐसे खुला राज, हुई गिरफ्तार

आजमगढ़. उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में भाभी की जगह परीक्षा दे रही ननद गिरफ्तार कर ली गई। परीक्षा के दौरान जांच में राज खुल गया। डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान जीजीआईसी जमुड़ी में द्वितीय पाली में अंग्रेजी के पेपर में सचल दस्ता ने भाभी के स्थान पर परीक्षा दे रही ननद को पकड़ लिया। इसके बाद पूछताछ में ननद ने कबूल किया कि वह भाभी की जगह पर परीक्षा दे रही थी। केंद्र व्यवस्थापक ने मुबारकपुर थाने में आरोपी ननद रीतू चौहान के खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जीजीआईसी जमुड़ी में बुधवार को डीएलएड की चतुर्थ सेमेस्टर की द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। इस दौरान सह जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह सचल दल के साथ जांच करने पहुंचे। कक्ष संख्या चार में किरन चौहान की जगह रीतू चौहान निवासी सिरही थाना मुबारकपुर परीक्षा देते मिली। आधारकार्ड और एडमिट कार्ड में विभिन्नता पाए जाने पर रीतू चौहान से कड़ाई के साथ पूछताछ की गई। उसने अपनी भाभी किरन के स्थान पर परीक्षा देने की बात कबूल कर ली। उसने सारी बातें बताईं।

मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया गया

- दिल्ली एयरपोर्ट पर विशेष विमान लैंड हुआ
- सीधे NIA हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा

नई दिल्ली. 2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत ला रहा विशेष विमान दिल्ली पहुंच गया है। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से तहव्वुर को सीधे NIA हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा। NIA हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

जेल सोर्स के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी NIA और खुफिया एजेंसी RAW की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी।

राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट किया जाएगा।

दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही SWAT कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (CAPF) की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाई

- पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान अपने उन नागरिकों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति देता है जो कनाडा में जाकर बस गए हैं।
- तहव्वुर राणा को 2009 में FBI ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था।
- 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। राणा को भारत लाने को लेकर बुधवार को होम मिनिस्ट्री में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल ने मीटिंग की।

पैक्ड फूड पर वार्निंग लेबल दिया जाए

- केंद्र 3 महीने के अंदर लेबलिंग का नियम बनाएं
- कितना शुगर, हानिकारक फैट स्पष्ट लिखें

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए।

कोर्ट ने ये आदेश एक PIL पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है।

केंद्र ने कहा- एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी

केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह समिति जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करे ताकि उसी आधार पर FSSAI लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके।

पैकेज्ड फूड पर लगे लेबल के दावे भ्रामक हो सकते हैं

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी ICMR के तहत हैदराबाद बेस्ड नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन (NIN) ने भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। NIN ने कहा, 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) के सख्त मानदंड हैं, लेकिन लेबल पर दी गई जानकारी भ्रामक हो सकती है।' कुछ उदाहरण देते हुए NIN ने कहा कि किसी फूड प्रोडक्ट को 'नेचुरल' कहा जा सकता है, यदि इसमें एडेड कलर्स, फ्लेवर्स और आर्टिफिशियल सब्सटेंसेस नहीं मिलाए गए हैं.

7 दिन में ही बैकफुट पर ट्रम्प

- 90 दिनों के लिए टैरिफ रोका
- चीन पर बढ़ाकर 125% किया

वाशिंगटन. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104% से बढ़ाकर 125% कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84% टैरिफ के बाद की।

चीन पर 125% टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस टैरिफ बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन जल्द यह समझेगा कि अमेरिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन चले गए हैं।

> मैंने 90 दिनों के लिए रेसिप्रोकल टैरिफ को रोकने की इजाजत दी है। इस दौरान जो रेसिप्रोकल टैरिफ लगेगा, उसे कम करके सिर्फ 10% कर दिया है। ये फैसला तुरंत लागू होगा।
> **डोनाल्ड ट्रम्प**
> अमेरिकी राष्ट्रपति

जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10% रहेगा

ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पॉज) को स्वीकार किया है। टैरिफ पर इस रोक से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा। वहीं, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10% हो जाएगी।

बंगाल में नए वक्फ कानून पर हिंसा, 22 गिरफ्तार

- आज देशभर में पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रदर्शन
- सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई

कोलकाता. वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक (SP), आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।

दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

बेंच में CJI संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और केवी विश्वनाथन शामिल होंगे। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) आज से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

भोपाल में वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शन होगा

वक्फ बिल के विरोध में गुरुवार को भोपाल में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड प्रदर्शन करेगा। दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर यह प्रदर्शन होगा। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग जुटेंगे।

यह धरना सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर होगा। मेम्बर आमला, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और विधायक आरिफ मसूद ने बताया कि भोपाल में 2 घंटे का प्रदर्शन होगा। इसमें कोई झंडा, बैनर लगाने की मनाही है।

दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट की मौत

नई दिल्ली. एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की मंगलवार (9 अप्रैल) को दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था।

एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होना शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान है। अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी। साथी कर्मचारियों ने बताया कि लैंडिंग के बाद पायलट ने कॉकपिट में उल्टी की थी और फिर एयरलाइन के डिस्पैच ऑफिस में कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई।

हालांकि, अभी तक कार्डियक अरेस्ट की वजहों का पता नहीं लग पाया है, कई बार विमान में एयर टर्बुलेंस की वजह से भी हार्ट अटैक होने की संभावना रहती है।

बैंकों से मिलने वाला कर्ज हो सकता है सस्ता

- RBI ने दूसरी बार रेपो रेट घटाकर 6% किया
- लोन सस्ते होने से EMI कम होगी

नई दिल्ली. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, RBI ने रेपो रेट को 0.25% घटाकर 6% कर दिया है। पहले ये 6.25% थी। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। वहीं आपकी ईएमआई भी घटेगी। नए वित्त वर्ष में RBI की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग के फैसलों की जानकारी RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा आज 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे दी। ये मीटिंग 7 अप्रैल को शुरू हुई थी।

इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी मीटिंग में RBI ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।

रेपो रेट के घटने से क्या बदलाव आएगा?

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। वहीं ब्याज दरें कम होंगी तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। RBI जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों को लोन सस्ता मिलता है, तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं।

विनेश फोगाट की पसंद 4 करोड़ रुपये कैश

- नौकरी और प्लॉट को कर दिया मना

इंटरनेशनल रेसलर और जींद जिले की जुलाना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने सरकार को अपनी पसंद बता दी है। उन्होंने सरकारी नौकरी, प्लाट या 4 करोड़ का कैश अवॉर्ड के विकल्प दिए गए थे। 2024 के पेरिस ओलिंपिक में वह फाइनल मुकाबले तक पहुंची थीं। हालांकि 100 ग्राम बढ़े वजन की वजह से वह फाइनल मुकाबला खेलने से पहले ही बाहर हो गईं।

खबर है कि फोगाट ने हरियाणा सरकार का 4 करोड़ रुपए लेने का ऑफर स्वीकार कर लिया है। फोगाट का सहमति का पत्र खेल विभाग को मिल चुका है। उन्हें राशि देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने फोगाट का सिल्वर मेडलिस्ट जैसा सम्मान करने का ऐलान किया था।

मुख्य मंत्री की घोषणा पूरी न होने पर उठाये थे सवाल

मुख्यमंत्री सैनी की घोषणा के बाद भी कुछ नहीं मिला तो फोगाट ने इस पर सवाल उठाया था। उन्होंने विधानसभा के बजट सत्र में कहा था कि सरकार ने उन्हें सिल्वर मेडल के बराबर सम्मान देने घोषणा की थी। 8 माह बीत गए, लेकिन कुछ नहीं मिला। फोगाट ने कहा था कि जब मैं पेरिस गई तो फाइनल में पहुंची, उसके बाद जो हुआ वो परमात्मा की मर्जी थी और मैंने उसे स्वीकार कर लिया है। उस समय हमारे सीएम ने ऐलान किया था कि विनेश हमारी बेटी है और उसे सिल्वर मेडल का सम्मान दिया जाएगा। आज सदन में आप भी बैठे हैं, मैं भी बैठी हूं। लोगों को पता होना चाहिए कि सच्चाई क्या है। आपके सभी विधायक बोल रहे हैं कि आपकी जुबान मतलब वादा पक्का। मैं आपको वही दिखा रही हूं कि आपका वादा अधूरा है।

कुकर्म छिपाने के लिए पुजारी ने कराई थी पत्रकार की हत्या

- 34 दिन बाद पुलिस ने किया खुलासा

सीतापुर. यूपी के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की हत्या का 34 दिन बाद गुरुवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। आठ मार्च को महोली से सीतापुर आते समय हेमपुर ओवरब्रिज पर पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पत्रकार की हत्या की सुपारी यहां के एक पुजारी बाबा शिवानंद उर्फ विकास राठौर ने दी थी। मामला पुजारी के कुकर्म से जुड़ा है। पुलिस ने बाबा के साथ सुपारी लेने वाले निर्मल सिंह और असलम गाजी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्रकार की हत्या करने वाले शूटर अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही थी। इसी बीच सामने आया कि पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेयी का महोली क्षेत्र में स्थित कार्यदेव मंदिर पर लगातार आना-जाना था। यहां के मंदिर में ही पुजारी के रूप में रह रहे विकास राठौर उर्फ विकास मिश्रा उर्फ शिवानन्द (बाबा) से राघवेन्द्र की दोस्ती हो गई थी। पुलिस के अनुसार पुजारी बाबा मंदिर की व्यवस्था में मदद करने वाले एक नाबालिग बच्चे के साथ पिछले कुछ महीनों से कुकर्म कर रहा था।

मंदिर जाने के दौरान पत्रकार ने पुजारी को नाबालिग बालक के साथ संबंध बनाते देख लिया था। बाबा को भय था कि राघवेंद्र उसके ये कुकृत्य जगजाहिर कर देगा। उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा और मंदिर में मिला स्थान छिन जाएगा। पुजारी बाबा ने अपने कुकर्म के उजागर होने के डर से पत्रकार को रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया। मंदिर पर बीच-बीच में आने वाले दो अपराधियों निर्मल सिंह और असलम गाजी से संपर्क किया। बाबा ने पत्रकार की हत्या के लिए दोनों को चार लाख रुपए नकद दिए। दोनों ने जिले के दो शूटरों से संपर्क करके उनको तीन लाख रुपए दिए और घटना को अंजाम दिलाया। थाना महोली और एसओजी पुलिस ने पुजारी बाबा और सुपारी लेने वाले निर्मल और असलम गाजी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस शूटरों को गिरफ्तार करने में जुटी है।



संक्षेप...

वनमंत्री गणेश नाईक की अध्यक्षता में आज ठाणे में जनता दरबार

ठाणे। वन मंत्री गणेश नाईक की अध्यक्षता में शुक्रवार 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में "जनता दरबार" का आयोजन किया गया है।नागरिकों ने पिछले जनता दरबार में उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी थी।जिला प्रशासन ने नागरिकों से आवाहन किया है की वह 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले जनता दरबार में अपनी समस्याएं रखें और उससे निजात पाए।

अजित पवार ने NCP मंत्रियों को दी चेतावनी

मुंबई. महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव को देखते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने अपनी रणनीति तय कर ली है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने खुद कमान संभालते हुए संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को धार देने के लिए बड़े फैसले लिए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक, अजित पवार हर हफ्ते सोमवार, मंगलवार और बुधवार को मुंबई में शासकीय कामकाज देखेंगे, जबकि बाकी के चार दिन वे महाराष्ट्र दौरे पर रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी मंत्रियों और विधान परिषद सदस्यों को निर्देश दिया है कि वे भी अपना राज्यव्यापी दौरा का शेड्यूल तुरंत बनाकर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सुनील तटकरे को बताएं।

अजित पवार ने एक्स पर कहा, "राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की साप्ताहिक समीक्षा बैठक माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान राज्य के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्हें निर्देश दिए कि बजट की कमी के कारण कोई भी काम अधूरा न रह जाए और जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, सभी प्रतिनिधियों को और अधिक प्रभावी व सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।"

संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता

अजित पवार ने सभी नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उनके दौरों के दौरान पदाधिकारी सम्मेलन, सदस्यता अभियान, बूथ निर्माण और संगठन विस्तार जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। ये निर्देश उन्होंने मंगलवार को हुई विधायकों और पदाधिकारियों की बैठक में दिए।

'विवादित बयान से दूर रहें'

बैठक में अजित पवार ने दो टूक कहा कि अगर उनकी पार्टी का कोई मंत्री पहली या दूसरी बार गलती करता है तो समझा जा सकता है, लेकिन तीसरी बार कोई माफी नहीं मिलेगी, सीधे मंत्री पद से हटाया जाएगा। बैठक में अजित पवार ने साफ कर दिया कि अब पार्टी में अनुशासन, सक्रियता और जमीनी स्तर पर पकड़ ही चुनावी जीत का मूल मंत्र होगा।

बड़े नेता को लगाई फटकार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजित पवार ने बैठक में कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को अनुशासनहीनता को लेकर फटकार लगाई। बताया जा रहा है कि कोकाटे लगातार मीडिया में ऐसे बयान दे रहे हैं जो पार्टी के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं, साथ ही वे जनता दरबार और पार्टी कार्यालय में भी नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते।
खबर है कि देवगिरी निवास पर हुई बैठक में भी अजित पवार गुट के नेता माणिकराव कोकाटे आधे घंटे देर से पहुंचे, जिस पर भी अजित पवार ने नाराजगी जताई और उन्हें चेताया। हालांकि, एनसीपी ने इससे इनकार करते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख ने ये बातें सभी मंत्रियों के लिए कही थीं और किसी खास मंत्री पर निशाना नहीं साधा था।

टोरेंट पावर की केबल चोरी करने वाला न्यायिक हिरासत में



भिवंडी. टोरेंट पावर लिमिटेड द्वारा पन्ना कंपाउंड, न्यू कनेरी, भिवंडी में लाइव पावर केबल चोरी करने के खिलाफ कुंभारवाड़ा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी.साइट से कुल 40 मीटर बिजली केबल चोरी हो गया था.

एफआईआर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुंभारवाड़ा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने टोरेंट पावर लिमिटेड की लाइव केबल चोरी में शामिल मो.अली नसीरुद्दीन सिद्दीकी और नदीम मो.सलीम खान को गिरफ्तार कर लिया.दोनों आरोपियों को भिवंडी सत्र न्यायालय में पेश किया गया और उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. टोरेंट पावर कंपनी जनसंपर्क अधिकारी चेतन बदियानी के अनुसार, टोरेंट पावर कंपनी भिवंडी शहर एवं ग्रामीण भाग में निर्बाध रूप से उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई कर रही है.बिजली ग्राहकों का भी दायित्व है कि, बिजली का वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग कर कंपनी का सहयोग करें. बिजली चोरी अक्षम्य अपराध है.बिजली चोरी में लिप्त लोगों को चिन्हित कर टोरेंट पावर कंपनी पुलिस प्रशासन के सहयोग से कड़क कार्यवाही अंजाम देगी.

धोखाधड़ी को लेकर लोढ़ा बिल्डर के विरूद्ध मनसे ने किया आंदोलन

ठाणे. शहर में चल रहे नामी गिरामी बिल्डर लोढ़ा का डेवलपमेंट का काम बड़े पैमाने पर चल रहा है।वहीं मनसे के पास लोढ़ा ग्रुप का हजारों लोगों के साथ में धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।इस विषय को लेकर मनसे ने लोढ़ा बिल्डर के चल रहे प्रोजेक्ट पर जाकर जमकर नारेबाजी करते हुए आंदोलन किया।वहीं मनसे नेता अविनाश जाधव ने आरोप लगाया कि मध्यम वर्गीय परिवार से एडवांस बुकिंग के नाम पर लाखों रुपये लेते हैं।लेकिन किसी कारण बस लोन मंजूर नहीं होता है तब बड़ी राशि कट कर देने के लिए कहा जाता है।इसको लेकर मनसे नेता जाधव ने ग्राहकों की दी गई राशि को तत्काल चेक देने के लिए कहा अन्यथा मनसे स्टाईल से वसूलने की बात कहा।साथ ही यह भी कहा कि पीड़िता का रकम देने के बाद ही आंदोलन होगा।इस अवसर पर शहर अध्यक्ष रवी मोरे सहित बड़ी संख्या में मनसे पदाधिकारी व कर्मचारी और पीड़ित परिवार के लोगों की उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय सर्वेक्षण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

ठाणे. जिलाधिकारी कार्यालय के नियोजन भवन में राष्ट्रीय सर्वेक्षण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।10 अप्रैल 1802 को भारत में भूमि सर्वेक्षण की पहली आधार रेखा रखी गई और महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण की शुरुआत हुई। इस ऐतिहासिक घटना की स्मृति में इस दिन को पूरे देश में राष्ट्रीय सर्वेक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी सुरिंदर सिंह के हाथों और भू अभिलेख विभाग के उपसंचालक महेश इंगले की अध्यक्षता में किया गया।इस अवसर पर व्यावसायिक संदीप बिंद्रा और जिला अधीक्षक भू-अभिलेख बाबा साहब रेडेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सर्वेक्षण दिवस के इस विशेष समारोह के अवसर पर भू-अभिलेख विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा गत वर्ष उत्कृष्ट सेवा देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए सुरेन्द्र सिंह ने भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की कि वे नमक, नाम व निशान के प्रति निष्ठा से काम करें। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री. महेश इंगले ने भूमि अभिलेख विभाग में सकारात्मक बदलावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिक जन-उन्मुख सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया।

KDMC के अधिकारियों पर MRTP के तहत मामला दर्ज करने की मांग

उल्हास विकास संवाददाता

कल्याण. शिवसेना (उबाठा) के विधानसभा सह संगठक रूपेश भोईर ने कल्याण-डोंबिवली मनपा के अधिकारियों पर एमआरटीपी अधिनियम 1966 की धारा 52 /53 के तहत मामला दर्ज करने की मांग पुलिस उपायुक्त से की है।

कल्याण पुलिस परिमंडल तीन के उपायुक्त को लिखे पत्र में रूपेश भोईर ने कहा है कि केन्द्र सरकार की आकांक्षा शौचालय की निधी को खर्च करने के नाम पर मनपा के अधिकारियों ने मनपा मुख्यालय के मुख्य निकास द्वार को आधा बंद कर शौचालय बनाने का कार्य शुरू किया । यह निर्माण कार्य मनपा मुख्यालय की इमारत के मंजूर नक्शे में गैर कानूनी तरीके से फेरबदल करके किया जा रहा है। इस बारे में मनपा के तत्कालीन प्रशासक और आयुक्त डॉ इन्दुराणी जाखड को मार्च महीने में पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों पर एम आर टी पी के तहत मामला दर्ज करने की मांग की थी ।परंतु उन्होंने भी पत्र को नजरअंदाज कर दिया। इसलिए अब इस मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों पर एम आर टी पी अधिनियम 1966 की धारा 52 ,53 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। रूपेश भोईर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यदि कोई नागरिक अपने फ्लैट में बदलाव करता है तो मनपा उसपर एम आर टी पी के तहत मामला दर्ज करने की बात करती है। यहाँ तो मनपा मुख्यालय की इमारत के मंजूर नक्शे के साथ ही खिलवाड किया गया है। इसलिए दोषी अधिकारियों पर एम आर टी पी के तहत मामला दर्ज होना चाहिए ।

विश्व होम्योपैथी दिवस पर डॉ. हैनिमैन को किया याद

- भारत में सबसे पहले महाराजा रणजीत सिंह का इलाज
- होम्योपैथी से करोडों मरीजों का कारगर इलाज- डॉ समीर चौकर

मुंबई. वैश्विक चिकित्सा पद्धति को कारगर व नया रूप देने में होम्योपैथी की बड़ी भूमिका रही है. गुरुवार को होम्योपैथी के जनक क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर डॉक्टरों व विद्यर्थियों ने उन्हें याद किया. डॉ बत्राज एकेडमी के डीन डॉ समीर चौकर ने कहा कि पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को वैज्ञानिक रूप देते हुए होम्योपैथी के जनक डॉ हेनीमेन ने विश्व को नई और बिना साइड इफेक्ट वाली दर्दरहित चिकित्सा प्रणाली से अवगत कराया. उनके अथक प्रश्नों और प्रयोगों ने होम्योपैथी के विकास को जन्म दिया,जो ₹like cures like₹ सिद्धान्त पर आधारित है. डॉ चौकर ने कहा कि हैनीमैन ने प्रचलित चिकित्सा मानदंडों को चुनौती दी, व्यक्तिगत उपचार और न्यूनतम खुराक पर जोर दिया, जिसने आधुनिक स्वास्थ्य सेवा को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया. काफी विरोध के बावजूद, उनके नवाचारों ने एक नया चिकित्सा प्रतिमान स्थापित किया जो आज चिकित्सकों और मरीजों को प्रेरित करता है.

बत्रा एकेडमी के डीन डॉ समीर ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को सबसे पहले जर्मन वैज्ञानिक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन ने पेश किया था, जिनका जन्म 10 अप्रैल, 1755 को जन्मदिन को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाते हैं. उस समय मरीजों के इलाज का तरीका बहुत कठोर था. जिसमें अधिक रक्तश्राव जिसमें ₹अशुद्ध₹ रक्त को निकालने के लिए नसों को काटना, रक्त चूसने के लिए जोंक का उपयोग भी किया जाता था. चिकित्सा क्षेत्र में दिशा और वैज्ञानिक सिद्धांतों का अभाव था. होम्योपैथी चिकित्सकों ने अपने गुरु डॉ हैनिमैन के योगदान को याद करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति आज विश्व भर में मानवजाति के लिए वरदान बन गई है. होमियोपैथी के जनक की यात्रा,उनकी प्रतिभा, दृढ़ता और मानव स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.

भारत में 1810 से होम्योपैथी

डॉ हैनिमैन की 270वीं जयंती मनाई जा रही है . जबकि होम्योपैथी भारत में 1810 की शुरुआत में आई थी, जब डॉ. सैमुअल हैनीमैन के शिष्य डॉ. जॉन मार्टिन होनिगबर्गर भारत आए और कई मरीजों का सफल इलाज किया . वर्ष 1839 में अपनी दूसरी यात्रा में उन्होंने पंजाब के तत्कालीन शासक महाराजा रणजीत सिंह का इलाज डुलेकमारा से किया था .

एलफिंस्टन रोड ओवर ब्रिज दो साल तक के लिए बंद

मुंबई: मुंबई का एक सदी पुराना चर्चित एलफिंस्टन रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) गुरुवार से दो साल तक के लिए अब बंद रहेगा। क्योंकि इसका नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। देश की आर्थिक राजधानी के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण संपर्कों में से एक यह पुल मध्य मुंबई में परेल और प्रभादेवी इलाकों को जोड़ता है। इस पुल का पुनर्निर्माण मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की 'सेवरी वर्ली एलीवेटेड कनेक्टर परियोजना' के तहत किया जा रहा है। पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद करने से इसे ध्वस्त करना आसान हो जाएगा। इस आरओबी के बंद होने से खासकर दादर, लोअर परेल, करी रोड और भारतमाता इलाके में यातायात जाम हो सकता है।

सैफ पर हमले के आरोपी मोहम्मद शरीफुल के जमानत अर्जी पर सुनवाई 17 अप्रैल को

मुंबई. बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर पर हुए चोरी की नाकाम कोशिश और जानलेवा हमले के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है. इस मामले में आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका का मुंबई पुलिस ने कोर्ट में एक बार फिर कड़ा विरोध किया. जमानत अर्जी पर अब सुनवाई 17 अप्रैल तक के लिए टल गई है. आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने जमानत के लिए मुंबई सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है, जिसपर बुधवार (9 अप्रैल) को दूसरी बार सुनवाई हुई.



विश्व होमियोपैथी दिवस मनाया गयाडॉ बत्रा एकेडमी में मनाए गए विश्व होमियोपैथी दिवस पर पद्मश्री डॉ मुकेश बत्रा,डॉ अक्षय बत्रा,सीइओ संजय मुखर्जी,डीन डॉ समीर चौकर,मेडिकल डायरेक्टर डॉ बिंदु शर्मा,डॉ वैशाली कामत,डॉ तेजल अजमेरा सहित बड़ी संख्या में विद्यर्थियों ने हिस्सा लिया.

आदर्श रैली के लिए ठाणे पूर्व में पुलिस की तैयारी

ठाणे. भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाई जा रही है और ठाणे पूर्व में हर साल की तरह एक भव्य और अनुकरणीय रैली का आयोजन किया जाएगा।इस उत्सव का उत्साह सुचारू और अनुशासित बना रहे, इसके लिए कोपरी पुलिस स्टेशन द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं और हाल ही में शांति मोहल्ला समिति की एक बैठक भी आयोजित की गई।उत्सवों के दिनों में रैलियों में कार्यकर्ता का उत्साह छलकता है, लेकिन यह ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है कि यह उत्साह कम न हो जाए। भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर ठाणे पूर्व में एक प्रतीकात्मक जुलूस निकाला गया।आनंद नगर सिद्धार्थ नगर, आनंद सिनेमा, मंगला हाई स्कूल अष्टविनायक चौक श्रमदान सोसायटी में समापन होगा।

इस बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त मंदार जावले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार, पुलिस निरीक्षक प्रदीप केरकर, संजय नलावडे, यातायात शाखा पुलिस निरीक्षक वैशाली रासकर, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक तथा विविध संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आम सूचना

मैं श्री धिरज विलास सालवे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, गोपाल नगर, रुम नं. सी-14, बैरक 189 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 16एआय015900700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेखा ईश्वरलाल पहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.4.2025 सी.नं. 1525/2025 द्वारा खरीदी है। उन्होंने श्रीमती अंजु शंकरलाल गंभानी से सेल एग्रीमेंट 4.10.2011 को खरीदी है और उन्होंने श्रीमती रतना देवदास मलानी से सेल एग्रीमेंट 15.10.2010 को खरेदी है और उन्होंने रमाबाई सोमाभाई प्रजापति से 4.4.2022 को खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री धिरज विलास सालवे

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

प्रियंका चोपड़ा ने ठुकराई एटली की फिल्म!

- प्रोजेक्ट पसंद न आने पर ऑफर को किया रिजेक्ट
- महेश बाबू के साथ SSMB29 में आएंगी नजर

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस को एटली की अपकमिंग फिल्म AA26X26 ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। क्योंकि उन्हें प्रोजेक्ट पसंद नहीं आया और चीजें ठीक से नहीं चलीं।

वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि प्रियंका को एटली ने अल्लू अर्जुन के साथ कभी कोई फिल्म ऑफर नहीं की। उन्हें एटली द्वारा निर्देशित एक फिल्म के लिए विचार किया जा रहा था, जिसमें सलमान खान लीड रोल में नजर आते। लेकिन वो फिल्म अब नहीं बन रही है। हालांकि, करीबी सूत्रों की मानें तो एटली ने प्रियंका को फिल्म का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन प्रोजेक्ट पसंद नहीं आने के कारण उन्होंने मना कर दिया।

राजामौली की फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका

राजामौली की फिल्म SSMB29 में लीड एक्टर के तौर पर महेश बाबू है। खास बात यह है कि पांच साल बाद प्रियंका चोपड़ा भी इसी फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं।प्रियंका और महेश बाबू ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है।

दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म SSMB29

एसएस राजामौली इन दिनों महेश बाबू के साथ फिल्म SSMB29 की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में सेट से कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिससे इस बात की पुष्टि भी हो गई थी कि इस फिल्म में पृथ्वीराज भी नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, एसएसएमबी29 को दो पार्टों में रिलीज किया जाएगा। पहला पार्ट 2027 में और दूसरा पार्ट 2029 में रिलीज हो सकता है।

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
NEWS LIVE
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099